मुझको सम्भालो हे बालाजी

मैं निर्बल हूँ मुझको भी,
बल दीजिये,
मेरी मुश्किलों को भी,
हल कीजिये,
जग की बलाओं से,
दुखों की हवाओं से,
मुझको बचा लो, हे बालाजी,
मुझको सम्भालो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी,
मुझको सम्भालो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी,
बड़ी दूर से आया हूँ, सालासर बाबा,
चरणों पर तुम्हारे है, मेरा सर बाबा,
तरस तो खा लो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी.......

तुम्ही आसरा हो, तुम्ही आस हो,
तुम्ही बालाजी मेरा, विशवास हो,
सुन लो दुहाई मेरी,
थाम लो कलाई मेरी,
विनती ना टालो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी,
मुझको सम्भालो, हे बालाजी,
तरस तो खा लो, हे बालाजी.......

है सौगंध तुमको, प्रभु राम की,
दो सेवा मुझे, सालासर धाम की,
पड़ा हूँ मैं पाँव में, करुणा की छाँव में,
मुझको बिठा लो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी,
मुझको सम्भालो, हे बालाजी,
तरस तो खा लो, हे बालाजी.......

मुझे मेरी भक्ति का, फल चाहिए,
अभयदान ज्ञान और बल चाहिए,
आपका संदीप हूँ, आप के समीप हूँ,
गले लगा लो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी,
मुझको सम्भालो, हे बालाजी,
तरस तो खा लो, हे बालाजी.......

मुझको सम्भालो, हे बालाजी,

अपना बना लो, हे बालाजी,
बड़ी दूर से आया हूँ, सालासर बाबा,
चरणों पर तुम्हारे है, मेरा सर बाबा,
तरस तो खा लो, हे बालाजी,
अपना बना लो, हे बालाजी......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29611/title/mujhko-sambhalo-hey-balaji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |